- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...



02 केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में रैली को करेंगे संबोधित

04 चंपारण की जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप आये है



# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं





● पटना, रविवार, 21 अप्रैल 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 50



Lakshya Raj Public School

LAKSHYA RAJ KIDZEE

Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441


# मोदी सरकार ने दिया आधी आबादी को हक़: अनुराग

बीएनएम@नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तीकरण से आगे बढ़ते हुए भारत में ₹वूमेन लेड डेवलपमेंट₹ का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में आयोजित महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कहीं।

इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाएं विकसित भारत के चार अमृत स्तंभों में एक जरूरी स्तंभ हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) ने अब तक देश भर में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बना है। इसमें से महिलाओं के लिए लगभग 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जो 4 करोड़ घर दिये गए हैं, उसमें 70 प्रतिशत घर की मालकिन या संयुक्त मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या 51 करोड़ के पार पहुंच गई है। इन खातों में जमा राशि 2.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभाव से बेटे के जन्म लेने की तुलना में बेटियों की संख्या बढ़ रही है। बेटियों की शिक्षा व करियर से लेकर शादी-विवाह तक की आर्थिक योजना बनाने में डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि योजना बेहद मददगार है। हर वर्ष 33 लाख सुकन्या समृद्धि खाता खोला जाता है। अब तक तीन करोड़ सात लाख खाते खोले गए हैं।



अनुराग ठाकुर ने आगे अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के विकास के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि किसने सोचा था कि एक ही संसदीय क्षेत्र में एम्स भी होगा, पीजीआई भी होगा, दो-दो मेडिकल कॉलेज भी होंगे, केंद्रीय विद्यालय भी होंगे, केंद्रीय विश्वविद्यालय भी होगा, ट्रिपल आईटी भी होगा, एनआईटी भी होगा, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भी होगा, हर जिले में फोरलेन हाइवे होगा, वंदे भारत ट्रेन होगी। यह सब सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 4 तारीख को जब रिजल्ट आएंगे, तब देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी। हिमाचल प्रदेश में फिर से डबल इंजन की सरकार दौड़ेगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज इंडी अलायंस में सबसे ज्यादा ठग एकत्रित हुए हैं। इन सबों के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इनके कई नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर बाहर हैं। ये लोग कहते हैं कि भाजपा तीसरी बार आएगी तो संविधान खतरे में चला जाएगा। असल बात यह है कि तीसरी बार जब मोदी सरकार आएगी तो भ्रष्टाचारी खत्म हो जाएंगे।

## प्रथम चरण में सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफ: अमित शाह

मथुरा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रथम चरण में सपा-कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश की जनता अबकी बार सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भ्रष्टाचार व घोटाले करने वाली सपा व कांग्रेस पार्टी है वहीं दूसरी तरफ 23 साल तक मुख्यमंत्री रहकर जनता की सेवा करने वाले नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर को अटकाकर लटकाकर रखा। मोदी ने 10 साल में राम मंदिर का केस भी जीता,भूमि पूजन भी किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी की। अमित शाह मथुरा के छठीकरा वृन्दावन रोड, वैष्णोदेवी मंदिर प्रियाकान्त जू मंदिर के बीच मैदान में भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। गृहमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सशक्त व समृद्ध बनाया है। आतंकवाद पर अंकुश लगाया है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो,भारत दुनिया में तीसरे नंबर का राष्ट्र बन जायेगा। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

**बयान** | पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष का बड़ा दावा

## जयराम रमेश का दावा- लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी 2004 वाली जीत दोहराएगी

मुंबई। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस पार्टी 2004 के लोकसभा चुनाव की जीत को इस बार दोहराएगी और केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि 2003 में कांग्रेस पार्टी राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव हार गई थी लेकिन फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन वाजपेयी सरकार को हराकर सत्ता में आई थी, इस वर्ष इसकी पुनरावृत्ति होगी।



जयराम रमेश ने अमरावती जिले में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इंटरव्यू और भाषणों में हर चीज पर बात करते हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या और चीनी आक्रमण पर बात नहीं करते। देश की जनता अब मोदी के जुमले पर विश्वास नहीं करेगी। लोकसभा के पहले चरण में 102 सीटों पर हुए मतदान से साफ हो गया है कि ये भाजपा और नरेन्द्र मोदी सरकार के आखिरी दिन हैं। जनता भाजपा की जुमलेबाजी में नहीं फंसे, जनता ने 10 साल के अन्याय का जवाब मतदान के माध्यम से दिया है। दक्षिण और मध्य भारत में भाजपा का सूपड़ा साफ़ है और उत्तर और पूर्वी भारत में आधा और बाकी चरण में भी यही रुझान जारी रहेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का संविधान हटाकर मोदी का संविधान लाने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में इतना साफ कहने की हिम्मत नहीं है, इसलिए उनके बगलगीर संविधान बदलने की बात कर रहे हैं।

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए जब्त, एक सप्ताह में कछुओं की दूसरी बरामदगी

चेन्नई। चेन्नई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर मलेशिया की फ्लाइट से लाए गए दो सूटकेसों से लगभग 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए (कछुए की प्रजाति) जब्त किए। हालांकि इस जब्ती के बाद शनिवार को ही इसे वापस मलेशिया भेज दिया गया। मैक्सिकन मूल रेड इयर स्लाइडर कछुए की भारत में काफी मांग है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन दो सूटकेसों की जांच की जो शुक्रवार रात बाटिक एयर की उड़ान से यहां लाए गए थे और चेक इन के दौरान दोनों सूटकेस लावारिस हालत में मिले। सीमा शुल्क अधिकारियों और सीआईएसएफ कर्मियों ने जब संदिग्ध वस्तुओं की मेटल डिटेक्टर से जांच की तब सच्चाई सामने आई। सूटकेस खोलने पर इनमें भारत में प्रतिबंधित रेड इयर स्लाइडर कछुए मिले।


अधिकारियों के मुताबिक सूटकेस के अंदर छेद वाले कई प्लास्टिक के बक्से थे, जिसमें रेड ईयर स्लाइडर कछुओं के बच्चे भरे थे। वन्यजीव ब्यूरो के अधिकारियों की मदद से कछुए की इस प्रजाति की पहचान कराई गई।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से सात के नामांकन रद

**मधुबनी।** झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से सात उम्मीदवारों का नामांकन निरस्त हो गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के मीडिया प्रबंधन कोषांग से जारी अधिसूचना के अनुसार झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से कुल सत्रह प्रत्याशियों ने शुक्रवार तक नामांकन किया।

निर्वाचन कोषांग द्वारा शनिवार को संबंधित उम्मीदवारों की नामांकन का नियमन संवीक्षा किया गया, जिसमे सात उम्मीदवारों का नाम शनिवार को निरस्त किया गया।झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से अब दस उम्मीदवार चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे।



डीपीआरओ परिमल कुमार के अनुसार झंझारपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सत्रह उम्मीदवारों का शनिवार को नामांकन निर्देशन पत्रों की विधिवत संवीक्षा की गई,जिसमें उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा के उपरांत कुल दस प्रत्याशियों का नाम निर्देशन नामांकण पत्र सही पाया गया। निर्वाचन कोषांग के मुताबिक संधारण के पश्चात झंझारपुर से दस उम्मीदवार गुलाब यादव - बहुजन समाज पार्टी ,रामप्रीत मंडल- जनता दल यूनाइटेड, बब्लू कुमार- आदर्श मिथिला पार्टी, विजय कुमार मंडल- सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया(कॉम्युनिस्ट), विद्यानन्द राम- वाजिब अधिकार पार्टी , सुमन कुमार- विकासशील इंसान पार्टी, गंगा प्रसाद यादव- निर्दलीय,गौरी शंकर साहू-निर्दलीय,राजीव कुमार झा-निर्दलीय, तथा राम प्रसाद राउत- निर्दलीय का संवीक्षण में नामांकन सही पाया गया। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 22अप्रैल सोमवार है।

## पप्पू यादव जैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत

**पूर्णिया।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को पूर्णिया के श्री नगर प्रखंड में राजद उम्मीदवार बीमा भारती के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बीजेपी का एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और दिन रात मेरे पिता को गाली देने का काम करते हैं, जबकि हम सभी ने कभी भी उसे अपमानित नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा ऐसा वीडियो है जिसे दिखा दिया जाए तो लोग शर्मसार हो जाएंगे। वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 को बिहार के कटिहार में रैली को करेंगे संबोधित

**बीएनएम@कटिहार (बिहार)**



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 अप्रैल (रविवार) को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे।

मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश के साथ पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। बिहार में पहले चरण में हुए मतदान प्रतिशत में कमी पर उन्होंने कहा कि मौसम में ज्यादा गर्मी की वजह से थोड़ा मतदान प्रतिशत कम हुआ है। इसके बावजूद लोगों ने इस बार चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना लिया है।

उल्लेखनीय है कि कटिहार लोकसभा सीट से एनडीए से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका सीधा चुनावी मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से है। लोकसभा चुनाव 2019 में दुलालचंद गोस्वामी कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता और पांच बार सांसद रहे तारीक अनवर को 57,203 मतों से हराकर सांसद बने थे।

## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख की राशि : राहुल

**बीएनएम@भागलपुर**

राज्य के भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि



आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा।

राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे।

**राजनीति** | मुख्यमंत्री ने एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के लिए मांगा वोट

# संतोष को जिताएं, क्षेत्र में बहेगी विकास की धारा

**पूर्णियां।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पूर्णिया के बनमनखी स्थित सुमरित उच्च विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पूर्णिया के जदयू प्रत्याशी सांसद संतोष कुशवाहा को वोट देकर बिहार में 40 और देश में 400 पार सीट से एनडीए को जीताने की अपील की ।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वे लोग 1995 से भाजपा के साथ काम कर रहे हैं जिस समय वाजपेई जी की सरकार थी तब से साथ हैं और इस बीच कितना काम हुआ है इसे आप तो देख सकते हैं ।उन्होंने खासकर लड़कियों की शिक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में लड़कियों को शिक्षा पर काफी जोर दिया गया, जिसका परिणाम रहा कि बिहार में प्रजनन दर काफी घटी है ।उन्होंने कहा कि लड़कियां जैसे-जैसे शिक्षित



होती गई वैसे-वैसे बिहार में प्रजनन दर घटता गया और आज बिहार प्रजनन दर के मामले में पूरे देश में सबसे अच्छा है।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानो के लिए भी काफी काम किया। पहले हिंदू- मुस्लिम को आपस में लड़ाते रहते थे लेकिन अब लोग जागरूक हो गए है ।उन्होंने कहा कि उसने तलाकशुदा महिलाओं के स्वावलंबन के लिए काम किया है ।पहले 10 हजार देते थे अब उसे बढ़ा कर 25 हजार कर दिया हूँ। इसके अलावा हर जगह कब्रिस्तान,मदरसा और अन्य चीजों को आगे बढ़ाया है। आज सड़क, स्वास्थ्य बिजली सहित हर क्षेत्र में काम हुआ है लेकिन कुछ लोग अब भी लोगों को बरगलाने मे लगे हैं ।किसी के झांसे में नहीं आना है।उन्होंने लोगों से अपील किया कि आने वाले 26 अप्रेल को तीन नम्बर पर अधिक से अधिक वोट डालकर एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा को जिताएं ताकि तीसरी बार केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाया जा सके।

सीएम नीतीश कुमार ने सभा मे मौजूद लोगों को आगाह करते हुए कहा कि कुछ लोग बरगलाकर वोट लेने के फेर में लगे हैं याद रखिये केंद्र में नरेंद्र मोदी जी हैं और बिहार में नीतीश कुमार है। ऐसे में आप सोच सकते हैं कि आपके साथ कौन खड़ा होगा। ये सब फालतू लोग है इसके झांसे में नही आना है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में आईएनडीआई गठबंधन की प्रत्यशी बीमा भारती का नाम लिए बगैर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप सब तो जानते हीं हैं उन्हें विधायक बनाए, कैबिनेट में भी शामिल किया।जिद पर अड़ी थीं फिर मंत्री बना दीजिए। मना कर दिए तो सब कुछ भूल के इधर से उधर चली गईं।आज देख लीजिए क्या हालत है।

सीएम ने लालू- राबड़ी राज पर भी हमला बोलते हुए कहा कि पति-पत्नी ने बिहार में लंबे समय तक राज किया। पति हटे तो पत्नी को सीएम बना दिया। 2005 से पहले बिहार में कुछ भी नहीं था। लोग बाहर निकलने से डरते थे इसके बाद देखिए कितना काम हुआ है। हमने सब काम करवाया है।नीतीश कुमार ने लोगों से कहा कि अपने बच्चों को बताइए कि पहले क्या हाल थे और अब क्या हैं।

## मद्यनिषेध विभाग ने कुल 2728.83 लीटर शराब एवं 22 वाहन जब्त किया

सहरसा।आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए अपराधियों को चिन्हित कर जिला एवं थाना बदर की कार्रवाई के साथ साथ जिला के बोर्डर पर भी सतत निगरानी गश्ती की जा रही है।वही पुलिस एवं उत्पाद मद्य निषेध विभाग के संयुक्त प्रयास से शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में बीते 16 मार्च से 19 अप्रैल तक मद्यनिषेध विभाग द्वारा कुल 2728.83 लीटर शराब एवं 22 वाहन पकड़ा गया।वही उत्पाद विभाग एवं पुलिस विभाग ने कुल 8317.415 लीटर शराब विनिष्ट किया, जिसमें पुलिस विभाग द्वारा 6804.85 लीटर तथा मद्यनिषेध विभाग द्वारा 1512.565 लीटर किया गया। मद्यनिषेध विभाग, सहरसा द्वारा तीन टीम का गठन किया गया है।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# तनाव पूर्ण जीवन शैली में ध्यान व योग सभी के लिए है अनिवार्य: प्राचार्य

बीएनएम@मोतिहारी

शहर स्थित लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय व हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट, कान्हा शांति वनम तेलंगाना के मध्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण और छात्रों को ध्यान, योग और वेलनेस का प्रशिक्षण देने के लिए शनिवार को एक एमओयू किया गया। महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रो.(डॉ.) राजेश कुमार सिन्हा और हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट की ओर से जोनल कोऑर्डिनेटर नृपेंद्र सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) सिन्हा ने बताया कि आज के इस तनावपूर्ण माहौल मे ध्यान और योग सभी को अनिवार्य रूप से करना चाहिए। महाविद्यालय में एक योग और वेलनेस सेंटर की स्थापना की जाएगी जिसका लाभ शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, छात्रों के साथ ही सर्व समाज के लोगों को भी मिलेगा। हार्टफुलनेस के जोनल कोऑर्डिनेटर श्री सिंह ने बताया कि हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट सभी के साथ ध्यान और योग के तरीके निःशुल्क साझा करता है। हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक 160 से अधिक देशों मे सभी को निःशुल्क ध्यान और योग का प्रशिक्षण देते हैं। भारत के प्रत्येक राज्य और लगभग हर जिले मे हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक हैं, जिनसे कोई भी ध्यान और योग का निःशुल्क प्रशिक्षण ले सकता है। इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम के वरिष्ठ प्रबंधक एवं पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सौरभ विश्नोई, महाविद्यालय के आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ.पिनाकी लाहा, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार और हिंदी के सहायक प्रोफेसर सह मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार मौजूद रहे।



## बेतिया में 7 करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

बेतिया। पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में इनरवा थाना के इनरवा बाजार निवासी फैयाज मियां (45), सिरिसिया थाना के भीखमपुर निवासी संजय पटेल (38) तथा सहोदरा थाना के बैरिया बाजड़ा निवासी सुरेश यादव (38) शामिल है। इनके पास से तीन बाइक व दो मोबाइल बरामद हुए है। एफआईआर दर्ज कर तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इकट्ठा हुए है। सूचना के आधार पर एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित किया। टीम ने सुप्रिया रोड में छापेमारी कर फैयाज मियां व संजय पटेल को गिरफ्तार किया। इनके पास से 31.766 किलो चरस बरामद हुआ।

समाचार भेजें
किसी भी प्रकार का समाचार, विचार एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें–
9471060219
ई-मेल भेजें
bordernewsmirror
@gmail.com




# नाबालिग को फुसलाकर ले जाने मामले में एक गिरफ्तार

**एएचटीयू टीम के प्रभारी इन्स्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में मिली कामयाबी**

बीएनएम@रक्सौल



मानव तस्कर रोधी इकाई (क्षेत्रक मुख्यालय) बेतिया कार्यालय 47वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रक्सौल पूर्वी चंपारण बिहार ने "मिशन निर्भया" के अंतर्गत मानव तस्करी को लेकर एएचटीयू टीम के प्रभारी इन्स्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोई व्यक्ति 17वर्षीय नाबालिग लड़की को रक्सौल या इसके आसपास के क्षेत्र से नेपाल में निकालने के कोशिश में है अतः इस पर सभी ड्यूटी में अलर्ट कर दिया गया। कुछ समय बाद एएचटीयू टीम को एक व्यक्ति के साथ एक नाबालिग लड़की जाती हुई दिखी तो टीम को संदेह हुआ और फिर उनको रोक कर पूछताछ की तब रोके गए व्यक्ति की ओवर एक्टिंग देख कर सभी आश्चर्यचकित रह गए। और वह व्यक्ति लड़की से कुछ भी पूछताछ नहीं करने दे रहा था और लड़की भी लड़के के पक्ष में बात कर रही थी. लेकिन दोनों को देख कर संदेह लग रहा था कि मामला तो कुछ और ही है।

इन्स्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने ठान लिया, अब इससे विस्तार से पूछताछ ही करनी पड़ेगी। तब पूछताछ के समय व्यक्ति ने बताया कि उसका नाम मोहम्मद समीर आलम है उसके अब्बा का नाम मोहम्मद गुड्डू मियाँ है, वह गाँव किशुनबाग थाना नगर बेतिया बिहार का रहने वाला है। उस पर 11.05.2022 को एक नाबालिग लड़की अंजली कुमारी की तस्करी के सन्दर्भ में थाना मांधाता जिला प्रतापगढ़ यू.पी॰ में भारतीय दंड सहिंता की 363, 366, 376, 370 और पोक्सो एक्ट 03(2) एसटी, एससी एक्ट में मुकदमा भी चल रहा है ब्वेल पर बाहर है I जब उससे कहा गया कि तुम पहले भी नाबालिग लड़की के मामले में जेल जा चुके हो तब उसने कहा कोई बात नहीं दोबारा भी जेल चला जाऊँगा और फिर बेल पर जेल से बाहर आ जाऊंगा। उसकी एक्टिंग ऐसी थी कि किसी को भी उस पर दया आ जायेगी किन्तु उसके बयानों से पता चल रहा था बहुत शातिर है मोहम्मद समीर आलम के फोन से अन्य हिन्दू लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो भी पाए गए।

पीड़िति बहुत सहमी हुई थी और कुछ भी बताने को राजी नहीं थी, ऐसा लग रहा था कि उसे लड़के से बहुत प्रेम है। किन्तु एक लम्बी काउंसिलिंग के बाद जब लड़की को मोहम्मद समीर आलम से अलग होने का डर कम हुआ फिर लड़की ने जो बताया तो सबको "द केरला स्टोरी" फिल्म से मिलता जुलता मामला नजर आया।

पीड़िति लड़की ने बताया की वो लड़के को केवल दो माह से जानती है, वह अपनी एक सहेली सलमा खातून के यहाँ शादी में गयी थी, वहां लड़के ने इससे दोस्ती करने की कोशिश की पर उसने ध्यान नहीं दिया फिर लड़का इसको कभी कभी स्कूल जाते समय रास्ते में मिलने लगा और दोस्ती करने की कोशिश करने लगा।फिर एक दिन पीड़िति इसके झांसे में आ गयी पहले व्यक्ति ने अपना नाम केवल समीर बताया था तो लड़की को उसके धर्म के बारे में नहीं पता चला। फिर समीर उससे मिलने लगा और एक दिन जब पीड़िति साईकिल से स्कूल जा रही थी तब समीर उससे मिला और उसे अपने घर ले जाने की जिद करने लगा, पर पहले लड़की ने मना किया पर लड़के ने इतनी अच्छी एक्टिंग की तो लड़की यह कहते हुए मान गयी कि जल्दी ही अपने घर लौट जायेगी।

लड़की उसके घर गयी तो लड़के ने पहले उसकी साइकिल छुपा ली और उसे कहा कि तुम अब अपने घर नहीं जाओगी मैं तुमसे शादी करूँगा तो लड़के ने रूम में अपनी जान पहचान वाली महिलायें बुला लिया, लड़के ने जबरदस्ती सिन्दूर लगाने की कोशिश की पीड़िति रोने लगी तो जो महिलाएं आयीं थी उन्होंने उसे बहलाने की कोशिश की. लड़की जब समझ गयी कि अब फंस गयी है तो उसने अपने आपको उनके हवाले कर दिया. पीड़िता को पत्नी मानने का ड्रामा चलना शुरू हो गया. लड़की ने कहा कि वह दो बार मौका पा कर वहाँ से भाग भी गयी थी किन्तु उसे दोनों बार पकड़ लिया गया. लड़के के जान पहचान की महिलाओ ने लड़की से कहा कि तुम्हारे अम्मी और अब्बा (अभिभावक) तुम्हारा ख्याल नहीं रखते इसलिए उन्हें भूल जाओ यहीं रहो. लड़की के पास कोई फ़ोन भी नहीं है और मोहम्मद समीर आलम उसके घर बात भी नहीं करने देता था I एक दिन लड़की ने छुप कर बात करने का प्रयास किया किन्तु मोहम्मद समीर आलम को पता चल गया तो लड़की को बहुत डांटा. लड़की को ब्लैकमेल भी किया जा रहा था इसलिए लड़की उसकी बात मानने में मजबूर थी I

फिर लड़के ने उससे कहा चलो तुम्हे रक्सौल मार्केट घुमा कर लाता हूँ, और लड़की को लेकर बॉर्डर पार कर नेपाल ले जाने के प्रयास में था किन्तु इन्सपेक्टर मनोज कुमार शर्मा के इंटेलिजेंस नेटवर्क से बच ना सका और मानव तस्कर रोधी इकाई (क्षेत्रक मुख्यालय) बेतिया द्वारा पकड लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता और एनजीओ स्वच्छ रक्सौल के डायरेक्टर रणजीत सिंह द्वारा अभियुक्त मोहम्मद समीर आलम पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी, उपरोक्त में भारतीय दंड सहिंता की 363, 366, 376, 370 और पोक्सो एक्ट 03(2) एसटी, एससी एक्ट, बाल विवाह इतियादी की धाराएं लगी हैं।




# धनहर दिहुली पंचायत के पीसीसी ढलाई की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**अमलेश कुमार, रामगढ़वा**

रामगढ़वा प्रखंड में सरकारी योजनाओं में खूब लूट मची हुई है। और यह लूट इस तरीके से मची हुई है कि किसी आम जनता को कानो कान खबर तक नही लग रही है आम जनता को लग रहा है कि माननीय के द्वारा खूब विकास किया जा रहा है। लेकिन अंदर ही अंदर औने पौने काम कर राशि का बंदरबांट कर लिया जा रहा है। और ऐसा मामला धनहर दिहुली पंचायत में हुआ है। ऐसा इसलिए कि धनहर दिहुली पंचायत में विकास की गंगा बह रही और सभी जनप्रतिनिधि और वेंडर सहित अधिकारी भी बहती हुई गंगा में हाथ धोने से पीछे नही रहे हैं।कोई भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी इससे अछूते नही है। क्योकि किसी भी पंचायत में 2 से 3 इंच से ज्यादा का ढलाई नही हुआ है। ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है कि बिना जाँच किये , बिना जिओ टैग किये कोई भी भुगतान नही किया जाता है इसके बावजूद भी सभी का भुगतान हो जा रहा है, जो अधिकारियों की मिली भगत के बिना संभव नही है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की साठ गांठ कितनी अच्छी है। और ऐसा इस लिए कहना पड़ रहा है क्योकि धनहर दिहुली पंचायत में लगभग करोड़ो रुपये का कार्य किया गया है, जबकि यह पैसा मनरेगा या पंचायती राज विभाग के माध्यम से खर्च हुआ है, इसके वावजूद भी कई जगह ऐसे हैं जहाँ लोग विकास की राह देख रहे है और जहां विकास का कार्य किया गया है,वहाँ उलूल जुलूल कार्य करके पैसे का भुगतान करा लिया गया है। क्योंकि धनहर दिहुली पंचायत में देखा जाय तो सड़क पर जो पीसीसी का कार्य किया गया है वह भी सिर्फ और सिर्फ 2 से 3 इंच मोटा किया गया है जबकि सरकार के द्वारा इसके लिए 6 से 8 इंच मोटा पीसीसी ढलाई कराने का प्रावधान है, जिसके लिए सरकार के द्वारा 6 से 8 इंच पीसीसी ढलाई का पैसा देती है, इसके बावजूद भी अधिकारियों के मिली भगत से नियम को ताख पर रख कार्य कर लिया जाता है।और अधिकारियों से इसका भुगतान भी करवा लिया जाता है। जबकि किसी भी कार्य को करने के बाद जेई व पंचायत सचिव के द्वारा उसकी गुणवत्ता देखी जाती है फिर जिओ टैग किया जाता है उसके बाद भुगतान किया जाता है इसके बावजूद भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के मिली भगत से इन सभी योजनाओं में मिलकर खूब उगाही की जा रहा रही है, साथ ही पंचायत सचिव के द्वारा किस किस योजना में कितना पैसा खर्च किया गया है इसकी भी जानकारी देने से इनकार कर दिया गया। जबकि इसपर संज्ञान लेने वाला कोई नही है।

वही इस संदर्भ में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद सज्जाद से फ़ोन पर सम्पर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि इसकी जाँच कराई जाएगी और दोषी पाय जाने पर कार्यवाही किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए 4783 कर्मियों की ट्रेनिंग शुरू, 113 कर्मी प्रशिक्षण से गायब

**बीएनएम@गोपालगंज**

छठवें चरण में गोपालगंज लोकसभा में मतदान 25 मई को निर्धारित हैं, जिसके लिए मतदान अधिकारियों ,सेक्टर मजिस्ट्रेट पी-1,पी-2,पी-3 एवं कर्मियों का प्रशिक्षण जिले के तीन पूर्व निर्धारित केन्द्रों डीए वी गोपालगंज,एमएम उर्दू उच्च विद्यालय,तुरकहां और डीएवी पब्लिक स्कूल थावे में आयोजित किया गया है।

प्रशिक्षण के लिए बनाए गए एमएम उर्दू तुरकहां में 45 मास्टर ट्रेनर द्वारा 1563 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 1592 मतदान कर्मियों में 29 मतदान कर्मी प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे।वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल थावे में 2000 प्रशिक्षुओं में 45 अनुपस्थित रहे और डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज में कुल 39 मास्टर ट्रेनर और 1220 प्रशिक्षु मतदान कर्मी थे, जिनमें 37 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे।

जिला पदाधिकारी मो मकसूद आलम ने चुनाव प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा ,उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ शशि प्रकाश राय ,नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग राधाकांत आदि वरीय पदाधिकारी के साथ एमएम उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय तुरकहाँ और डीए वी पब्लिक स्कूल थावे का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण करने के क्रम में प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को प्रशिक्षुओं के साथ बैठकर उनके द्वारा सुना गया और उन्होंने भी मतदान संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रशिक्षुओं को दी।

एमएम उर्दू हाईस्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने निरीक्षण करने के बाद कहा कि चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य है। प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहने वाले चुनाव कर्मियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन 113 कर्मी प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया है, जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# चंपारण की जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप आये है: डॉ.राजेश



**बीएनएम@मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन की ओर से वीआईपी के उम्मीदवार घोषित होने के बाद शनिवार को डॉ. राजेश कुमार मोतिहारी पहुंचे। जिला के सीमा मंगराही बाजार पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया इसके बाद वह मौजूद महागठबंधन के नेताओ के साथ बडे काफिले में निकले ।वीआईपी प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार का जगह-जगह स्वागत किया गया।

डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि वह जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में आये हैं। टिकट देने में हुई देरी के सवाल पर डॉ. राजेश कुशवाहा ने कहा कई लोग अपनी उम्मीदवार जता रहे थे,जिस कारण नेताओ को काफी मंथन करना पड़ा।चंपारण की जनता के विश्वास और आशीर्वाद से मै महागठबंधन और वीआईपी का उम्मीदवार बना हूँ। वीआईपी को मिले नए सिम्बल से कोई परेशानी नहीं होगी,क्योकी सबके मुखिया लालू यादव, तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ही हैं।

डॉ. राजेश कुमार पूर्वी चंपारण जिले केसरिया के पुरैना गांव के रहने वाले हैं। 2015 में वे राजद राजद के टिकट पर केसरिया विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। वर्ष 2020 के चुनाव में राजद ने उनको टिकट नहीं दिया तो वह निर्दलीय केसरिया के चुनावी मैदान में उतर गए और वह तीसरे नंबर पर रहे।

केसरिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने के कारण डॉ. राजेश को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। फिर 3 दिसंबर 2021 को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने डॉ. राजेश को पुनः राजद में ज्वाइन कराया। वही शुक्रवार को उन्होंने वीआईपी ज्वाइन कर बतौर महागठबंधन के वीआईपी कोटे से पूर्वी चंपारण से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में भाजपा प्रत्याशी राधामोहन सिंह को चुनौती देने के लिए मैदान में है।





## भारत-नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच बैठक

मोतिहारी। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के झरौखर थाना में सुरक्षा को लेकर चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संम्पन कराने तथा भारत -नेपाल की खुली सीमा को देखते हुए संवेदनशील रास्तों पर कड़ी नजर रखने को लेकर दोनों देशों के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी।

# आग लगने से सौ से अधिक घर जलकर राख

**बीएनएम@बगहा**

गंडक पार स्थित मधुबनी प्रखंड के चिवरही पंचायत के बिनवलिया गांव में शनिवार को आग ने काफी तांडव मचाया है। आग ने एक सौ से अधिक घर को अपने आगोश में ले लिया है। देखते ही देखते सभी घर जलकर राख हो गये।



ग्रामीणों के अनुसार तेज और गर्म चल रही पछिया हवा ने आग में घी डालने का काम किया है। लोगों का सबकुछ जलकर खाक हो गया है।घटना के बाद लोगों में काफी अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया विजय यादव ने दी है।मुखिया ने बताया कि घटना की सूचना नदी थाना और अग्निशमन दल को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची नदी थाना पुलिस तथा अग्निशन विभाग ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए।घण्टों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

मधुबनी प्रखण्ड के उप प्रमुख प्रतिनिधि बिरगुन गद्दी ने बताया कि बिनवलिया गांव पूरी तरह से आग में जलकर राख हो गया है,जिसमे लोगों कोई सामान नही बच पाया है।आग में सबकुछ जलकर नष्ट हो गया है। इस घटना में तकरीबन सौ से ज्यादा घर जला है, जिनकी सूची तैयार कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि सभी अग्निपीड़ितों को सरकार से मिलनेवाली जो भी सहायता होगी उसे प्रदान कराई जायेगी।


STONE CLINIC MOTIHARI
STONE CLINIC MOTIHARI
किडनी स्टोन इलाज की समस्त सुविधाएं
स्टोन क्लिनिक
मोतिहारी
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डॉ. मनोज कुमार गुप्ता
MBBS, MS, FMAS Ex- SR, BSA Medical College
Delhi Ex- Asst. Prof. Govt. Medical College
यूरोलॉजिस्ट एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. महेन्द्र सिंह
MBBS, MS, MCH (Urology)
Ex- HOD Urology, IGIMS, Patna
सीनियर यूरोलॉजिस्ट एण्ड एण्ड्रोलाजिस्ट
डॉ. हेमन्त कुमार
MBBS,MD, (Psychiatry) BHU, Varanashi
मस्तिष्क, मानसिक, नशा एवं सेक्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
हमारी सुविधाएँ
दूरबीन से Gall Bladder Surgery, CBD सर्जरी
दूरबीन से बच्चेदानी (TLH, LAVH) की सर्जरी
Renal Stone, Ureteric Stone की सभी सर्जरी
पेशाब सम्बंधी सभी बीमारी का इलाज
सभी स्त्री रोग सर्जरी एवं जेनरल सर्जरी की सुविधाएँ
एडभांस सर्जरी में विश्वसनीयता / सारी सुविधाएँ
सिरदर्द एवं मानसिक रोगों का पूर्ण इलाज
24 घंटा नॉर्मल डिलिवरी / सिजेरियन की सुविधा
Mob.- 9507919091, 07562964700, 8969970077
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में

# साहित्यिक हलचल

## समाज के ताने बाने से खिलवाड़ करती 'हेट स्पीच'

**डॉ सत्यवान सौरभ**



हेट स्पीच एक समूह, या जाति, धर्म या लिंग जैसी अंतर्निहित विशेषताओं के आधार पर किसी व्यक्ति को लक्षित करने वाले आपत्तिजनक भाषण को संदर्भित करती है, जो सामाजिक शांति को खतरा पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, देश में 2014 और 2020 के बीच घृणास्पद भाषण अपराधों में छह गुना वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार दोहराया है कि घृणा अपराधों के नाम पर कोई गुंजाइश नहीं है।

भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म और यह राज्य का प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को ऐसे अपराधों से बचाए। एक ही बयान, किसी के लिए नफरत फैलाने वाली बात हो जाता है और किसी के लिए बोलने की आजादी।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार इसी उलझन में फंसा रहता है। अपनी बात कहने की आजादी से जुड़े कई कानून हमारे देश में मौजूद हैं और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी है। इन कानूनों का उपयोग और दुरुपयोग दोनों की ही चर्चा होती रहती है।

किसी भी ऐसी बात, हरकत या भाव को, बोलकर, लिखकर या दृश्य माध्यम से प्रसारित करना, जिससे हिंसा भड़कने, धार्मिक भावना आहत होने या किसी समूह या समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा होने की आशंका हो, वह हेट स्पीच के अंतर्गत आती है।

सहिष्णुता और असहिष्णुता के शोर के बीच यह मामला और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि समस्या के मूल में यही है कि जनता और नेता किसी की बात को सह पाते हैं या नहीं। क्या किसी की बात सहन न होने पर हिंसा भड़क सकती है, इसलिए बयानों पर कानून के जरिए सजा दिलवाकर लगाम लगाना जरूरी है। या फिर अपनी बात कहने की आजादी सभी को है, इस लिहाज से कानून की बंदिश नहीं होनी चाहिए।

समाज में अनुचित व्यवहार भेदभावपूर्ण संस्थाओं, संरचनाओं और मानदंडों को उत्पन्न करते हैं, जो असमान सामाजिक संबंधों को मान्य और बनाए रखते हैं। इससे कुछ लोग दूसरों को हीन और सम्मान के योग्य समझने लगते हैं। साम्प्रदायिक एजेंट अक्सर चुनावी लाभ के लिए धर्म के नाम पर लोगों का ध्रुवीकरण करने के लिए हेट स्पीच का उपयोग करते हैं।

> साम्प्रदायिक एजेंट अक्सर चुनावी लाभ के लिए धर्म के नाम पर लोगों का ध्रुवीकरण करने के लिए हेट स्पीच का उपयोग करते हैं। साम्प्रदायिक घृणा फैलाने वाले भाषणों के कारण, भारत ने कई दंगे देखे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रेंज और गुमनामी उन्हें दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली समाचार अफवाह फैलाने और हेट स्पीच की बढ़ती घटनाओं को जन्म देते हैं।

साम्प्रदायिक घृणा फैलाने वाले भाषणों के कारण, भारत ने कई दंगे देखे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रेंज और गुमनामी उन्हें दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली समाचार अफवाह फैलाने और हेट स्पीच की बढ़ती घटनाओं को जन्म देते हैं।

पीड़ित व्यक्ति/लोग शायद ही कभी प्रतिशोध के डर से या गंभीरता से नहीं लिए जाने के डर से अधिकारियों को घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। यहां तक कि जब मामलों की सूचना दी जाती है, तब भी अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई की कमी के कारण उद्देश्य विफल हो जाता है। भारत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 505 मुख्य प्रावधान हैं, जो भड़काऊ भाषणों और अभिव्यक्तियों से निपटते हैं जो 'घृणास्पद भाषण' को दंडित करने की कोशिश करते हैं।

हेट स्पीच से निपटने के लिए एक अलग कानून की अनुपस्थिति के कारण मौजूद खामियों का दुरुपयोग हुआ है। 2017 में, समिति ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें ऑनलाइन हेट स्पीच को रोकने के लिए सख्त कानूनों की सिफारिश की गई थी।प्रत्येक राज्य में एक राज्य साइबर अपराध समन्वय होना चाहिए, जो एक अधिकारी होना चाहिए जो पुलिस महानिरीक्षक के पद से कम का न हो। प्रत्येक जिले में एक जिला साइबर क्राइम सेल होना चाहिए।

इसने 5,000 के जुर्माने के साथ दो साल तक की सजा का प्रस्ताव किया। विधि आयोग की सिफारिशों को लागू करना: विधि आयोग ने अपनी 267 वीं रिपोर्ट में आईपीसी की धारा 153(B) के तहत 'नफरत को उकसाने पर रोक लगाने और कुछ मामलों में डर, अलार्म या हिंसा भड़काने' पर आईपीसी की धारा 505 के तहत नए प्रावधान जोड़कर भारतीय दंड संहिता में संशोधन का सुझाव दिया।


यह बातचीत, मध्यस्थता और मध्यस्थता के माध्यम से हेट स्पीच की समस्या का समाधान करने का एक बेहतर तरीका है। भारत में शिक्षा प्रणाली दूसरों के प्रति सहिष्णुता, करुणा और सम्मान को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। लोगों को विविधता, एक बहुलवादी समाज के महत्व और भारत की एकता में इसके योगदान के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया के उद्भव ने हेट स्पीच के निर्माण, पैकेजिंग और प्रसार के लिए कई मंच तैयार किए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने टीवी बहसों पर हेट स्पीच के संबंध में भी चिंता जताई है। इसलिए इन माध्यमों को विनियमित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए. हेट स्पीच लोकतंत्र के दो प्रमुख सिद्धांतों- सभी के लिए समान सम्मान की गारंटी और समग्रता की सार्वजनिक भलाई, को खतरे में डालती है। मीडिया द्वारा एक आचार संहिता को अपनाने, निजी और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा स्व-नियमन और बहुलवाद का सम्मान करने के महत्व और हेट स्पीच से उत्पन्न खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

2020 में हेट स्पीच के मामलों में कन्विक्शन रेट 20.4% था। जिससे यह पता चलता है कि मामले तो दर्ज़ होते हैं लेकिन सजा नहीं दी जाती, जिससे लोगों के अंदर डर की भावना पनप नहीं पाती और ऐसे ही सामाजिक सद्भाव और समाज के ताने बाने से खिलवाड़ की जाती रहती है।

**कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,**
**आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट,**

## नमिता गुप्ता मनसी



### प्रेम में संवाद..

सुनों बुद्धू राम !!!!
इतने भी चुप मत रहा करो
कि सबको सुनाई देने लगे !!

क्या बोलूं..
कुछ है ही नहीं..
वहीं रोज़ का काम !
तुम ही कुछ बोलो न,
हमेशा की तरह..

हम्ममम,,,
ठीक है..मैं ही शुरू करती हूं,
अच्छा बताओ..
तुमने कभी पीला पत्ता देखा है ?
लो ..देखो,
पता है न
ये अब कभी हरा नहीं होगा ,
ध्यान से पढ़ो इसकी एक-एक लकीर को
मानों इतिहास हो
सभी जाते हुए मौसमों का ,

देखो न..
ठीक जहां से छूटा है ये
वहीं से फूटने लगा है
थोऽऽऽड़ा सा हरापन ,
हमारा प्रेम भी कुछ ऐसा ही है न
बिल्कुल इस पीले पत्ते की तरह ,
है न !!

वह बोला
कुछ देर रुककर..

हम्म्म.
तो अब क्या जरूरत है शाब्दिक औपचारिकता की ,
ये पीला पत्ता ही हमारे प्रेम का संवाद है ,,
हैं न !!
समझी नालायक लड़की !!!!!

**मेरठ, उत्तर प्रदेश**

## गरिमा लखनवी



### राम चरित

रामजी ने जन्म लिया,
माता-पिता का मान बढ़ाया धर्म,
मातृभूमि की रक्षा करना,
सबको यह पाठ पढ़ाया,
अपने चरित्र का मान करके,
दुनिया को सही रास्ता दिखाया,




राम जी जैसा पुरुष इस दुनिया में कोई नहीं,

पिता को दिए वचन को उन्होंने पूरा कर दिया,
मर्यादा का हम सबको पाठ पढ़ाया,
पत्नी धर्म का मान बढ़ाया,
राम जी जैसा कोई नहीं,
जो भी उन्हें सेवक मिला,
उसको उन्होंने गले लगाया,
राम नाम का जो जाप करता,
वो दुनिया से तर जाता है ,
एक पुत्र पिता राजा का मान बढ़ाया,
उनके चरणों में कोटि कोटि प्रणाम हमारा।।

## लघुकथाः मुलाकात

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**



कालेज में पढ़ने वाली ऋृजुता अभी तीन महीने पहले ही फेसबुक से मयंक के परिचय में आई थी। दोनों घंटों चैट करते थे। शुरू-शुरू में दोनों में औपचारिक बातें ही होती थीं।

धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रणय की बातें होने लगी थीं। दोनों एकदूसरे का फोटो भी लेनेदेने लगे थे। मयंक ने एक दिन ऋृजुता के सामने विवाह का प्रस्ताव रख दिया। ऋृजुता उसकी बातों से काफी प्रभावित थी।

वह उसे अच्छा भी लगने लगा था। इसलिए उसने मयंक से एक बार मिलने की बात कही। मयंक ने भी उसकी बात मान ली।

मिलने के लिए दोनों ने जगह और समय तय कर लिया। एकदूसरे को पहचानने के लिए निशानी भी बता दी थी। तय की गई निशानी के अनुसार ऋृजुता ने लाल रंग का सलवार सूट पहना और तय की गई जगह पर पहुंच गई।

> मिलने के लिए दोनों ने जगह और समय तय कर लिया। एकदूसरे को पहचानने के लिए निशानी भी बता दी थी। तय की गई निशानी के अनुसार ऋृजुता ने लाल रंग का सलवार सूट पहना और तय की गई जगह पर पहुंच गई।

मयंक पहले से ही हाथ में बुके लिए खड़ा था। ऋृजुता आश्चर्य से उसे देखती रह गई।

वह कुछ सोच पाती, उसके पहले ही 45 साल का वह अधेड़ आदमी हाथ में बुके ले कर भागते हुए उसके पास आ कर बोला, हाय ऋृजुता, कैसी हो? मैं मयंक, यह बुके तुम्हारे लिए।

ऋृजुता के तो पैरों के तले से जमीन खिसक गई। उसकी आंखों के सामने अंधेरा सा छा गया।

जेड-436ए, सेक्टर-12,
नोएडा-201301 (उ0प्र0)
मो-8368681336

## सविता राज, मुजफ्फरपुर, बिहार



### चित्र बुजुर्ग कामवाली की

जर्जर हालात,
दीन हीन कृशकाय,
गिरता स्वास्थ्य ,
मैली कुचैली साड़ी,
दो वक्त के निवाले को मोहताज,
आखों में गमों का समुद्र,
नाउम्मीदी से घिरा जीवन,
बेटे बहु की मोहताज,
चार पांच घरों में काम करके,
घर को अपने सींचती थी,
औरों के घरों की,
साफ सफाई करके,
चंद पैसे जोड़ती थी
आज बुढ़ापे ने
छीन लिया सर्वस्व
सबने काम छुड़ा दिया,
वर्षों तक जहां काम किया,
वहां से मिलता न वृद्धाभत्ता,
न कोई पगार,
दाने दाने को हो गई मोहताज,
ये चित्र है समाज में,
बुजुर्ग हो चली कामवालियों की।
सरकार करे या समाज करे,
कोई तो इन बेबस अबलाओं की,
समस्याओं का निदान करे।

# 40 की उम्र के बाद फिट रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट



आधुनिक समय में फिट रहना बेहद कठिन टास्क है। खासकर, 40 की उम्र के बाद सेहतमंद रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस उम्र में दिल की बीमारी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पड़ती है। इसमें सही दिनचर्या का पालन, उचित खानपान, रोजाना योग और एक्सरसाइज जरूर करें। वहीं, सेहतमंद रहने के लिए डाइट प्लान में व्यापक सुधार करें। लापरवाही बरतने पर बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप 40+ ग्रुप में शामिल हैं, तो सेहतमंद रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट प्लान--हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो 40 की उम्र के बाद व्यक्ति को खाने में दूध, दही समेत डेयरी उत्पादों का कम से कम उपयोग करें। डेयरी उत्पादों से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वहीं, इस उम्र में मेटाबॉलिज़्म धीमा हो जाता है। इसके लिए सुबह के नाश्ते में डेयरी उत्पादों का कम सेवन करें। वहीं, डाइट में अंडे, ताजे फल आदि चीजों को जरूर शामिल करें।

40 साल के बाद फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इनमें कैलोरी कम होती है। वहीं, फल और सब्जियों में कई गुणकारी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए लंच में फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करें।

शाम के समय स्नैक्स में सूखे मेवे और अंकुरित अनाज यानी स्प्राउट्स का सेवन करें। वहीं, तली-भुनी चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इससे कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है।

रात के खाने में प्रोटीन रिच फूड चीजों का सेवन अधिक से अधिक करें। एक चीज का अवश्य ध्यान रखें कि कोई भी मील स्किप न करें। वहीं, रोजाना योग, एक्सरसाइज और वॉकिंग जरूर करें। इस डाइट प्लान को फॉलो करने से आप सेहतमंद रह सकते हैं।

# नींद पूरी होने के बाद भी रहती है कमज़ोरी, तो कमी दूर करेंगे ये फूड्स

विटामिन-B12 एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी मदद से हमारा शरीर कई तरह के काम करता है, जैसे- डीएनए सिन्थसिस, एनर्जी का उत्पादन और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र कार्य। यह विटामिन कई तरह के फूड्स में पाया जाता है, लेकिन फिर बी12 की शरीर में कमी आम बात है।

इसकी कमी के कारण लोग रात भर की नींद लेकर भी सुबह तरोताज़ा महसूस नहीं करते। सुबह उठते ही उन्हें मॉर्निंग सिकनेस या कमज़ोरी लगने लगती है। सिर्फ इतना ही नहीं खुद को बिस्तर से उठाना तक मुश्किल हो जाता है। विटामिन बी12 की शरीर में कमी खान-पान में कमी या फिर किसी बीमारी के कारण होती है।

एक शोध के अनुसार, 60 साल की उम्र से ऊपर के करीब 20 प्रतिशत लोग विटामिन-बी12 की कमी से जूझते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खाने से विटामिन-बी12 को अवशोषित करने की क्षमता उम्र के साथ घटती जाती है, इसलिए इसकी कमी आमतौर पर उम्रदराज़ लोगों में देखी जाती है।हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते।

साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।



हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते। साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज़ नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।

चिकन, मटन, बीफ में विटामिन-बी12 की अच्छी मात्रा होती है। खासतौर पर ऑर्गन मीट में जैसे लिवर या किडनी में विटामिन-बी12 भरपूर होता है।

दूध और दही, चीज़ जैसे अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स भी प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा कई विटामिन्स और खनीज से भी भरे होते हैं, जिसमें बी12 भी शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि अध्ययनों से पता चला है कि आपका शरीर बीफ, मछली या अंडे की तुलना में दूध और डेयरी उत्पादों से बेहतर तरीके से विटामिन-बी12 को अवशोषित करता है।

अंडे भी प्रोटीन के साथ विटामिन-बी, विशेष रूप से बी 2 और बी 12 का एक बड़ा स्रोत हैं। रिसर्च से पता चलता है कि अंडे की जर्दी में सफेद हिस्से की तुलना विटामिन-बी12 की ज़्यादा मात्रा होती है। अंडे की जर्दी में मौजूद बी12 को अवशोषित करना भी आसान होता है। यही वजह है कि सिर्फ सफेदी खान की जगह पूरा अंड़ा खाने की सलाह दी जाती है।

# अंडा वेज या नॉनवेज ?

**अंडा खाना सेहत के काफी लाभदायक होता है। आपने कई लोगों को कहते सुना होगा, 'संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे।' जो लोग नॉनवेज खाते हैं वो तो अंडे आसानी से खा लेते हैं, लेकिन शाकाहारी लोगों के सामने ये काफी दुविधा जनक होता है। आज हम आपका ये कंफ्यूजन खत्म करेंगे। हम आपको बताएंगे कि आखिर अंडा शाकाहारी होता है या मासांहारी।**

## लोगों के हैं तर्क

कुछ लोगों का मानना है कि यह नॉनवेज कैटिगरी में आता है क्योंकि इसे मुर्गी देती है। इस सवाल का जवाब जवाब वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला है। इस पर वैज्ञानिकों ने एक थ्योरी भी दी है, हालांकि कुछ ऐसे लोग भी उनकी इस थ्योरी को सही नहीं ठहरा रहे हैं। इसे लेकर लोगों के अलग-अलग तर्क हैं। शाकाहारी लोग मानते हैं कि अंडा मुर्गी देती है इसलिए वह नॉन-वेज माना जाएगा।

हालांकि लोगों के इस तर्क को विज्ञान झूठा साबित करता है। इसके पीछे वैज्ञानिकों का तर्क है कि दूध भी जानवर से आता है तो वो कैसे शाकाहारी हो गया?

## बाजार में मिलने वाले अंडे होते हैं अनफर्टिलाइज्ड

वहीं कुछ लोगों का मानना है कि अंडे से चूजा निकलता है इसलिए यह मांसाहारी है। जबकि बाजार में मिलने वाले सारे अंडे अनफर्टिलाइज्ड होते हैं। यानी इन अंडों से कभी भी चूजे बाहर नहीं निकलते। इस बात की गलतफहमी दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने भी साइंस के जरिए इस सवाल का जवाब तलाशा है। अगर इस तर्क को मान लिया जाए तो अंडा शाकाहारी हुआ।

## अंडे में होती हैं तीन परतें

अंडे में तीन परते होती हैं। पहली छिल्का, दूसरी सफेदी और तीसरा अंडे की जर्दी यानी योक। योक मतलब पीला हिस्सा। अंडे पर की गई एक रिसर्च के अनुसार इसकी सफेदी में ही सिर्फ प्रोटीन ही होता है। इसमें जानवर का कोई भी हिस्सा मौजूद नहीं होता है। इसलिए



तकनीकी रूप से एग वाइट यानी सफेदी वेज होती है।

## जर्दी में भी होता है प्रोटीन और कोलेस्ट्रोल

एग वाइट की ही तरह एग योक यानी जर्दी में भी प्रोटीन के साथ कोलेस्ट्रोल और फैट अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। अंडा मुर्गी और मुर्गे के संपर्क में आने के बाद ही पनपता है। उनमें गैमीट सेल्स होते हैं जो उसे मांसाहारी बना देते हैं। जबकि बाजार वाले अंडों में ऐसा कुछ नहीं होता है।

मुर्गी 6 महीने होने के बाद से अंडे देने लगती है। वह हर 1 या डेढ़ दिन में अंडे देती है, लेकिन बता दें कि ऐसा बिल्कुल नहीं होता कि मुर्गी किसी भी मुर्गे के साथ संपर्क में जरूर आए।

# सेहत के लिए नुकसानदायक है इन फलों के जूस का सेवन

## 1. नाशपाती का जूस

खट्टे-मीठे स्वाद वाला नाशपाती एंटीऑक्सीडेंट्स व मिनरल्स से भरपूर होता है। लेकिन इसका जूस सेहत के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं होता है। इसकी वजह से इसमें मौजूद सॉर्बिटोल शुगर, जो आसानी से पचती नहीं है। जो अपच, गैसजैसी समस्याओं की वजह बन सकती है।

## 2. अनानास का जूस

अनानास का जूस भी खट्टा-मीठे स्वाद लिए होता है जो लोगों को बहुत पसंद आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इसमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है। वैसे अनानास के फल में कई तरह के विटामिंस और पोषक तत्व मौजूद जाते हैं जो जूस निकालने से खत्म हो जाते हैं। तो जूस पीने की जगह अनानास खाएं।



## 3. एप्पल जूस

जहां रोज़ाना एक सेब खाना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है वहीं इसका जूस सेहत के लिए किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं होता क्योंकि बाहर इसका जूस बनाते वक्त बीज कई बार निकाला नहीं जाता और इन बीजों में एमिग्डैलिन केमिकल पाया जाता है।


Affiliation No. 330611
Lakshya Raj Public School
LAKSHYA RAJ
PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi
(A unit of Lakshya Raj Educational
and Charitable Trust)
(From I to Std. XII, (10+2)
English Medium CBSE Curriculum
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION
In Grades III- IX & XI
Our Benefits :
Small Class Sizes
Big Room Sizes
Loving Atmosphere
Best Education Plans
Beautiful Background
Wide Study Rooms
LAKSHYA RAJ
KIDZEE
FREE
ADMISSION
OPEN
FOR
2024-25
Mob.- 9128562441
Venue: Mission Chowk, Pataura
Infornt of Durga Mandir, Motihari